हे पूर्णकाम कृष्णा हे देवकी के प्यारे

हे पूर्णकाम कृष्णा, हे देवकी के प्यारे,
वसुदेव के दुलारे तुम जेल में पधारे,
मुबारक तुम्हें हो जन्माष्टमी,
हे पूर्णकाम कृष्णा...........

मथुरा में जन्म लेके, गोकुल पसंद आया,
माँ आपकी यशोदा, तुम्हें नंद प्यार भाया,
तुम्हें नंद प्यार भाया,
तुम विश्व के हो नायक, तुम प्राण हो हमारे,
मुबारक तुम्हें, हो जन्माष्टमी, हाय मुबारक तुम्हें,

माखन का चोर बनकर, सखियों का चित चुराया,
फिर छेड़ तान मुरली, संसार को रिझाया,
संसार को रिझाया,
नित कृष्ण-कृष्ण कहके, सारा जगत पुकारे,
मुबारक तुम्हें हो जन्माष्टमी,

हे पूर्णकाम कृष्णा, हे देवकी के प्यारे,
वसुदेव के दुलारे, तुम जेल में पधारे,
मुबारक तुम्हें, हो जन्माष्टमी, मुबारक मुबारक तुम्हें,

(गीतरचना- अशोक कुमार खरे)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4083/title/hye-purnkaam-krishna-he-devki-ke-pyare-vasudev-ke-dulare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |